क.रा.बी.नि
E.S.I.C.

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,भारत सरकार)

Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment,
Govt. of India)

सत्यमेव जयते
Goverment Of India

क्षेत्रीय कार्यालय, पंचदीप भवन,
नन्दानगर, इंदौर -452011
Regional Office, Panchdeep Bhavan,
Nanda Nagar, Indore-452011(M.P.)
फ़ोन/ Phone / : 0731-2550485,
E-mail :- rd-mp@esic.nic.in/Website :- www.esic.nic.in
(ISO 9001-2015 Certified)

संख्या: 18.ए/49/19-1/2022-राजभाषा दिनांक 28.04.2026

परिपत्र

विषय : अधिकारियों (इकाई प्रमुखों) द्वारा हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना, वर्ष 2025-26।

उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय के पत्र संख्या: ए-49/16/02/2020-रा.भा. दिनांक 08.04.2026 के अनुसरण में सूचित किया जाता है कि निगम अधिकारियों को हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निगम कार्यालयों में हिन्दी डिक्टेशन पुरस्कार योजना लागू है। जो अधिकारी वित्त वर्ष में हिन्दी डिक्टेशन का अपेक्षित रिकॉर्ड रखते है, वे इस योजना में भाग ले सकते है। इस योजना के अंतर्गत संबन्धित अधिकारी द्वारा डिक्टेशन का रिकॉर्ड विहित प्रपत्र में रखा जाना अपेक्षित है ।

वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026) के दौरान पुरस्कार योजना के अंतर्गत हिंदी भाषी वर्ग एवं हिंदीतर भाषी वर्ग में प्रत्येक के लिए **₹5,000 (पांच हजार रुपये केवल)** का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

उक्त पुरस्कार योजना के अंतर्गत स्वीकार्यता के लिए आवश्यक हिंदी डिक्टेशन कार्य की न्यूनतम संख्या 'क' तथा 'ख' क्षेत्र में स्थित निगम कार्यालयों में हिन्दी भाषी अधिकारियों के लिए प्रतिवर्ष 100 डिक्टेशन तथा हिन्दीतर भाषी अधिकारियों के लिए प्रतिवर्ष 75 डिक्टेशन होगी। (मुख्यालय के पत्र संख्या ए-49/14/16/89-हिंदी, दिनांक 24.11.1995 के अनुसार)। आशुलिपिक आदि संबद्ध न होने की स्थिति में हाथ से लिखी हुई पंक्तियां भी डिक्टेशन मानी जाएंगी। 10 पंक्तियों से कम की डिक्टेशन की गणना नहीं की जाएगी। इसके साथ न्यूनतम 10 नमूने भी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अत: वर्ष 2025-2026 हेतु इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक कार्यालय प्रमुख अपनी मातृभाषा का उल्लेख करते हुए हिन्दी में दी गई डिक्टेशनों का रिकॉर्ड दिनांक 29 मई 2026 तक मुख्यालय को भेजें ताकि उसे प्रतियोगिता में शामिल किया जा सके।

अनुलग्नक: पुरस्कार योजना का प्रपत्र

Digitally signed by
Sunil Kumar
Date: 04-05-2026
11:58:16

(सुनील कुमार)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
कृते क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि:-

1. महानिदेशक(राजभाषा शाखा) क.रा.बी.निगम, मुख्यालय, सी.आई.जी मार्ग, नई दिल्ली को संदर्भगत पत्र के संबंध में
2. शाखाधिकारी श्री...क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, इंदौर।
3. शाखा... क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, इंदौर।
4. शाखा प्रबन्धक, शाखा कार्यालय/डीसीबीओ...।
5. राज्य चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा सतर्कता अधिकारी/चिकित्सा निदेशी, क.रा.बी.निगम, इंदौर।
6. परिपत्र को क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर की वेबसाइट पर अपलोड करने के हेतु को आईटी सेल को प्रेषित।
7. गार्ड फ़ाइल।

प्रपत्र

क्र.स.	दिनांक	डिक्टेशन में लिखी गई पंक्तियों की संख्या	फाइल संख्या	अभ्युक्ति